Setting up of Ecological Parks in H. P.

3603. SHRI IQBAL SINGH :
SHRI SURESH PACHOURI :

Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that three Ecological parks are likely to be set up in H.P. to save several endangered and! exquisite Himalayan species fast facing extinction;

(b) if so, what are the species that are facing extinction and what are the locations of the species;

(c) whether similar parks are propos ed to be set up in other parts of the country also where the species are facing extinction; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH) : (a) to (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

"पश्चिम बंगाल सुन्दरवन में बाघों की गणना"

3604. श्री अजीतजोगी :
श्री छोटू भाई पटेल :

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में पश्चिम बंगाल के सुन्दरवन में कम्प्यूटरीकृत प्रथम गहन बाघ गणना पूरी कर ली गई है ;

(ख) क्या सरकार को वहां पर बाघों की गणना संबंधी आंकड़ों की जानकारी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पिछली गणना की तुलना में वर्तमानगणना की स्थिति क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) और (ख) पग मार्ग ट्रेसिंग पद्धति अपनाकर सुन्दरवन में बाघों की गणना करने के लिए 16-11-1992 से 22-11-1992 की अवधि के दौरान फील्ड कार्य किया गया था। फील्ड कार्य से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण तथा बाद में पग मार्क चिन्हों के माप के विभिन्न पैरामीटरों का कम्प्यूटर विश्लेषण किया जा रहा है।

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता।

"चिल्का झील में झींगा मछली पालन"

3605. श्री अजीत जोगी : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बतने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कनाडा की अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी ने चिल्का झील में सघन और अर्ध सघन झींगा मछली पालन के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है;

(ग) क्या चिल्का झील में झींगा मछली पालन बन्द किये जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) (क) कनाडा की अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी ने सूचित किया है कि जारी कार्यों के प्रभाव का निर्धारण करने तथा भावी विकास के लिए दिशा-निर्देश सुझाने के लिए झींगा पालन का पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन किया जाना चाहिए।